(6) In the event of a complaint being disposed of after the period specified in sub-rule (5), the National Commission shall record in writing, the reasons for such delay.

(7) If after conducting the proceedings, the National Commission is satisfied with the allegations contained in the complaint, it shall issue order to the opposite party or parties, as the case may be, directing him or them to take one or more of the actions mentioned in sub-section (1) of section 39.

(8) The National Commission shall also have the power to direct that any order passed by it, where no appeal has been preferred under section 67 or where the order of the National Commission has been affirmed by the Supreme Court under that section, be published on its website or through any other media and no legal proceedings shall lie against the National Commission or any media for such publication.

(9) The State Commission and the District Commission shall follow the procedure specified in this rule, with such modifications as may be necessary, in respect of the complaint before them.

13. Appeals before National Commission. – Where an appeal is filed under section 51, the amount to be deposited by the appellant as provided in the second proviso to the said section shall be remitted in the form of a crossed Demand Draft drawn on a nationalised bank in favour of the Registrar, National Commission, payable at New Delhi.

14. Procedure for filing and hearing of appeal before National Commission-(1) A Memorandum shall be presented by the appellant or his authorised agent to the National Commission in person or sent by registered post addressed to the National Commission.

(2) Every memorandum filed under sub-rule (1) shall preferably be typed, or be in legible handwriting, and shall set forth concisely under distinct heads, the grounds of appeal without any argument or narrative and such grounds shall be numbered consecutively.

(3) The memorandum shall be accompanied by a crossed Demand Draft as specified in rule 16, a certified copy of the order of the State Commission appealed against and such of the documents as may be required to support grounds of appeal mentioned in the memorandum.

(4) When the appeal is presented after the expiry of the period of limitation as specified in section 51, the memorandum shall be accompanied by an application supported by an affidavit setting forth the facts on which the appellant relies upon to satisfy the National Commission that he has sufficient cause for not preferring the appeal within the period of limitation.

(5) The appellant shall submit four copies of the memorandum to the National Commission for official purposes.

(6) On the date of hearing or on any other day to which hearing may be adjourned, the parties or their authorised agents shall appear before the National Commission, and where-

(a) the appellant or his authorised agent fails to appear, the National Commission may, in its discretion, either dismiss the appeal or decide it *ex-parte* on the merits of the case;

(b) the respondent or his authorised agent fails to appear, the National Commission shall proceed *ex-parte* and shall decide the appeal on the merits of the case.

(7) The appellant shall not, except by the leave of the National Commission, urge or be heard in support of any ground of appeal not set forth in the memorandum but the National Commission, in deciding the appeal, may not be confined to the grounds of appeal set forth in the memorandum or taken by leave of the National Commission under this rule:

Provided that the National Commission shall not rest its decision on any other grounds unless the party who may be affected thereby, has been given, at least the opportunity of being heard by the National Commission.

(8) No adjournment shall ordinarily be granted at any stage by the National Commission, unless sufficient cause is shown and the reasons for grant of adjournment have been recorded in writing by the National Commission:

Provided that the National Commission may also adjourn the hearing of the appeal *suo motu*, on such terms as it may think fit and at any stage of the proceedings for reasons to be recorded in writing, but shall ensure, as far as possible, that the appeal is decided within ninety days from the date of its admission:

Provided further that in the event of an appeal being disposed of after the period specified in the first proviso, the National Commission shall record in writing the reasons of the same at the time of disposal of the said appeal.

15. Number of Members in National Commission.-The National Commission shall consist of a President and not less than four members and not more than eleven members, of whom at least one member shall be a woman.

16. Sitting of National Commission and signing of orders. – (1) Every proceeding of the National Commission shall be conducted by members of a Bench constituted by the President of the National Commission with one or more members as he may deem fit.

(2) Every order made by the National Commission shall be signed by the members who conducted the proceeding and if there is any difference of opinion among the members of the Bench, the opinion of the majority shall be the order of the National Commission.

17. Manner of depositing amount in appeals before Supreme Court. — Where an appeal is filed before the Supreme Court under section 67, the amount to be deposited by the appellant as provided in the second proviso to that section shall be remitted in the form of a crossed Demand Draft drawn on a nationalised bank in favour of the Registrar, Supreme Court, payable at New Delhi.

18. **Furnishing of information by State Commission.** – The State Commissions shall furnish information to the Central Government on a quarterly basis in the form as specified in Schedule I to these rules.

SCHEDULE-I

[Rule 18]

Present position of Implementation

(Quarterly Performance Report)

Working of Consumer Commissions/Consumer Protection Measures

Name of State:

1. **Establishment of State Commissions and District Fora :**		
I	Total number of Districts in State/Union Territory	
II	Number of District Commissions in the State	

	(a) Total Setup :				
	(b) Functional :				
	(c) Non Functional :				
	(d) Name of District where District Commission yet to be set up :				
	(e) Number of District where District Commission yet to be set up				
	(f) Number of District where more than one District Commission has been set up	District Name		No of District Commission	
III	Whether State Commission functional			Yes	No
IV	Strength and vacancies	State Commission		District Commission	
		Sanctioned Strength	Vacancies	Sanctioned Strength	Vacancies
	(a) President				
	(b) Members				
	(c) Reason for Vacancies and Action taken to fill up the same (to be enclosed separately)				
2.	**Performance of State Commission and District Commission**				
I	(a) Total cases filed since inception	State Commission		District Commission	
	(b) Cases disposed of				
	(c) Cases disposed of within prescribed time norms				
	(d) Number of cases disposed of by Lok Adalat method				
II	Detailed Break up of cases pending (give number of cases)	State Commission		District Commission	
	(a) Over 3 months up to 1 year				
	(b) Over 1 year up to 2 years				
	(c) Over 2 years up-to 5 years				
	(d) Over 5 years				
III	Cases disposed of within time norms (give number)	State Commission		District Commission	
	(a) Cases received after 15 March '02				
	(b) Cases disposed of within time norms out of (a) above (Number and %)				
3. **Implementation of Confonet Project**					
I	Computer Hardware/Software has	State Commission		District Commission (Numbers)	
	(a) been received	Yes	No		
	(b) been installed	Yes	No		

	(c) been functional	Yes	No	
II	Activities being done through computers	State Commission		District Commission (Numbers)
	(a) Is Case Monitoring System Installed & Operational;	Yes	No	
	(b) Has the live case data been entered?	Yes	No	
	(c) Whether Cause list and judgement being posted on the website	Yes	No	
4	**Training**			
(a)	Training of Members/President in Indian Institute of Public Administration	To be trained in the year as per training plan	Trained so far	During the quarter
(b)	Training of State/District level Officers in BIS Training Institute			
(c)	Training under Confonet			
	(a) President and Members			
	(b) Other Staff			
(d)	Any other Training			

[F.No.J-10/6/2018-CPU]

AMIT MEHTA, Jt. Secy

अधिसूचना

नई दिल्ली, 15 जुलाई, 2020

सा. का.आ. 449(अ).—केंद्रीय सरकार, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 (2019 का 35) की धारा 101 की उप-धारा (1) तथा उप-धारा (2) के खंड (ख) और (ग) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित नियम बनाती हैं, अर्थात्:-

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ** – (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम उपभोक्ता संरक्षण (साधारण) नियम, 2020 है।

   (2) ये 20 जुलाई, 2020 को प्रवृत्त होंगे।

2. **परिभाषाएं** – (1) इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ की अन्यथा अपेक्षित हो, -

   (क) 'अधिनियम' से उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 (2019 का 35) अभिप्रेत है;

   (ख) 'लोक उपयोगी सेवाएं' से

   (i) हवाई, सड़क अथवा जल माध्यम से यात्रियों अथवा माल की ढुलाई के लिए परिवहन सेवा; अथवा

   (ii) डाक, टेलीग्राफ, टेलीफोन अथवा ब्रॉडबैंड सेवा; अथवा

   (iii) किसी स्थापन द्वारा जनता को विद्युत, प्रकाश अथवा जल अथवा ईंधन अथवा प्राकृतिक गैस की आपूर्ति; अथवा

   (iv) बीमा सेवा; और

   (v) किसी प्रमुख पत्तन अथवा डॉक के कार्यकरण में अथवा के संबंध में सेवा;

   अभिप्रेत है।

रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-16092021-229684
CG-DL-E-16092021-229684

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 521] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, सितम्बर 16, 2021/भाद्र 25, 1943
No. 521] NEW DELHI, THURSDAY, SEPTEMBER 16, 2021/BHADRA 25, 1943

वित्त मंत्रालय

(राजस्व विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 15 सितम्बर, 2021

सा.का.नि. 635(अ).—केंद्रीय सरकार, अधिकरण सुधार अधिनियम, 2021 (2021 का 33) की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और अधिकरण, अपील अधिकरण और प्राधिकरण (सदस्यों की अर्हताएं, अनुभव और सेवा की अन्य शर्तें) नियम, को उन बात के सिवाय अधिक्रांत करते हुए, जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पहल किया गया है या करने का लोप किया गया है, निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :--

अध्याय 1

प्रारंभिक

1. संक्षिप्त नाम, प्रारंभ और लागू होना—

(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम अधिकरण (सेवा की शर्तें) नियम, 2021 हैं।

(2) इन नियमों में यथा उपबंधित के सिवाय, ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

(3) ये नियम, अधिकरण सुधार अधिनियम, 2021 (2021 का 33) की पहली अनुसूची के स्तंभ (2) में यथाविनिर्दिष्ट अधिकरण के अध्यक्ष और सदस्य को लागू होंगे।

2. परिभाषाएं—

इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,--

(क) "अधिनियम" से अधिकरण सुधार अधिनियम, 2021 (2021 का 33) की पहली अनुसूची के स्तंभ (3) में में विनिर्दिष्ट कोई अधिनियम अभिप्रेत है;

(ख) "अध्यक्ष" का वही अर्थ है, जो अधिनियम की धारा 2 की उपधारा (क) में है;

(ग) "समिति" से अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (3) में निर्दिष्ट खोज-सह-चयन समिति अभिप्रेत है ;

(घ) "सदस्य" का वही अर्थ है, जो अधिनियम की धारा 2 की उपधारा (ख) में है;

(ङ) "अधिकरण" का वही अर्थ है, जो अधिनियम की धारा 2 की उपधारा (ड.) में है;

(च) उन शब्दों और पदों के, जो उसमें प्रयुक्त हैं और परिभाषित नहीं हैं; किन्तु अधिनियम में परिभाषित हैं, वही अर्थ होंगे, जो उस अधिनियम में हैं।

अध्याय 2

अध्यक्ष और सदस्य की नियुक्ति

3. अर्हताएं—(1) औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) के अधीन औद्योगिक अधिकरण की दशा में, कोई व्यक्ति पीठासीन अधिकारी के रूप में नियुक्त किए जाने के लिए तब तक अर्हित नहीं होगा, जब तक कि वह—

(क) किसी उच्च न्यायालय का न्यायाधीश न हो या न रह चुका हो ; या

(ख) दस वर्ष की सम्मिलित अवधि के लिए जिला न्यायाधीश या अपर जिला न्यायाधीश न रह चुका हो।

(2) आय-कर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) के अधीन **आय-कर अपील अधिकरण** की दशा में कोई व्यक्ति:--

(क) अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किए जाने के लिए तब तक अर्हित नहीं होगा, जब तक कि वह किसी उच्च न्यायालय का वर्तमान या सेवानिवृत्त न्यायाधीश न हो और जो किसी उच्च न्यायालय में एक न्यायाधीश के रूप में कम से कम सात वर्ष की सेवा न की हो या आय-कर अपील अधिकरण का उपाध्यक्ष न रह चुका हो;

(ख) उपाध्यक्ष के रूप में नियुक्त किए जाने के लिए तब तक अर्हित नहीं होगा, जब तक कि वह सदस्य न रह चुका हो ; और

(ग) न्यायिक सदस्य के रूप में नियुक्त किए जाने के लिए तब तक अर्हित नहीं होगा, जब तक कि,--

(i) वह दस वर्ष की सम्मिलित अवधि के लिए जिला न्यायाधीश या अपर जिला न्यायाधीश न रह चुका हो ; या

(ii) वह मुकदमें में दस वर्ष के अनुभव के साथ भारतीय विधिक सेवा का सदस्य न रहा हो या दो वर्ष की अवधि के लिए अपर सचिव या कोई समतुल्य या उच्चतर पद धारित न किया हो ; या

(iii) आय-कर अपील अधिकरण, उच्च न्यायालय या उच्चतम न्यायालय में आय-कर विधियों के अधीन मुकदमें में पर्याप्त अनुभव के साथ दस वर्ष तक अधिवक्ता न रह चुका हो ;

(घ) लेखा सदस्य के रूप में नियुक्त किए जाने के लिए तब तक अर्हित नहीं होगा, जब तक कि,--

(i) वह लेखा-कर्म में पच्चीस वर्ष का अनुभव न रखता हो,--

(अ) चार्टर्ड अकाउन्टेंट अधिनियम, 1949 (1949 का 38) के अधीन चार्टर्ड अकाउन्टेंट न रह चुका हो ; या

(आ) पूर्ववर्ती प्रवृत्त किसी विधि के अधीन पंजीकृत लेखापाल; या भागत: उक्त पंजीकृत लेखापाल और भागत: चार्टर्ड अकाउन्टेंट न रह चुका हो ; या

(ii) वह भारतीय राजस्व सेवा (आय-कर सेवा समूह 'क') का सदस्य न रह चुका हो ; और आय-कर प्रधान आयुक्त या इसके समतुल्य या उच्चतर पद को धारित न कर चुका हो तथा तीन वर्ष के लिए न्यायिक, न्यायिक कल्प या निर्णायक कृत्यों को न कर चुका हो ।

(3) सीमा-शुल्क अधिनियम, 1962 (1962 का 52) के अधीन **सीमा-शुल्क, उत्पाद-शुल्क और सेवा-कर अपील अधिकरण** की दशा में, कोई व्यक्ति,--

(क) अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किए जाने के लिए तब तक अर्हित नहीं होगा, जब तक कि —

(i) वह किसी उच्च न्यायालय का न्यायाधीश न हो और जो किसी उच्च न्यायालय में न्यायधीश के रूप में कम से कम सात वर्ष तक की सेवा न कर चुका हो या न रह चुका हो ; या

(ii) वह अपील अधिकरण का सदस्य न रह चुका हो ;

(ख) न्यायिक सदस्य के रूप में नियुक्त किए जाने के लिए तब तक अर्हित नहीं होगा, जब तक कि,-

(i) वह दस वर्ष की सम्मिलित अवधि के लिए जिला न्यायाधीश या अपर जिला न्यायाधीश न रह चुका हो ; या

(ii) वह मुकदमें में दस वर्ष के अनुभव के साथ भारतीय विधिक सेवा का सदस्य न रह चुका हो या दो वर्ष की अवधि के लिए अपर सचिव या कोई समतुल्य या उच्चतर पद धारित न किया हो ; या

(iii) सीमा-शुल्क, उत्पाद-शुल्क और सेवा-कर अपील अधिकरण, उच्च न्यायालय या उच्चतम न्यायालय में अप्रत्यक्ष-कर विधियों के अधीन मुकदमें में पर्याप्त अनुभव के साथ दस वर्ष तक अधिवक्ता न रह चुका हो ;

(ग) तकनीकी सदस्य के रूप में नियुक्त किए जाने के लिए तब तक अर्हित नहीं होगा, जब तक कि वह भारतीय राजस्व सेवा (सीमा-शुल्क और केंद्रीय उत्पाद-शुल्क सेवा समूह 'क') का सदस्य न रह चुका हो ; और सीमा-शुल्क प्रधान आयुक्त या केंद्रीय उत्पाद-शुल्क या इसके समतुल्य या उच्चतर पद धारित न कर चुका हो या तीन वर्ष के लिए न्यायिक, न्यायिक कल्प या न्याय निर्णायक को न कर चुका हो ।

(4) **तस्कर और विदेशी मुद्रा छलसाधक (संपत्ति समपहरण) अधिनियम**, 1976 (1976 का 13) के अधीन अपील अधिकरण की दशा में, कोई व्यक्ति—

(क) अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किए जाने के लिए तब तक अर्हित नहीं होगा, जब तक कि वह उच्चतम न्यायालय का कोई न्यायाधीश या किसी उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायमूर्ति न हो या न रह चुका हो;

(ख) सदस्य के रूप में नियुक्त किए जाने के लिए तब तक अर्हित नहीं होगा, जब तक कि भारत सरकार में अपर सचिव या उसके समतुल्य या उच्चतर पद धारित न कर चुका हो और तीन वर्ष के लिए न्यायिक, न्यायिक कल्प या न्याय निर्णायक कृत्यों को न कर चुका हो ।

(5) **प्रशासनिक अधिकरण अधिनियम**, 1985 (1985 का 13) के अधीन अधिकरणों की दशा में, कोई व्यक्ति—

(क) अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किए जाने के लिए तब तक अर्हित नहीं होगा, जब तक कि वह,--

(i) किसी उच्च न्यायालय का न्यायाधीश न हो या न रह चुका हो ; या

(ii) केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण में प्रशासनिक सदस्य या न्यायिक सदस्य के रूप में कम से कम तीन वर्ष की अवधि के लिए पद धारित न कर चुका हो ;

(ख) न्यायिक सदस्य के रूप में नियुक्त किए जाने के लिए तब तक अर्हित नहीं होगा, जब तक कि वह,--

(क) किसी उच्च न्यायालय का न्यायाधीश न हो या न रह चुका हो ; या

(ख) भारत सरकार में अपर सचिव या सदस्य-सचिव, भारत का विधि आयोग सहित विधि कार्य मामले विभाग या विधायी विभाग में इसके समतुल्य या उच्चतर पद धारित न कर चुका हो ;

(ग) वह दस वर्ष की सम्मिलित अवधि के लिए जिला न्यायाधीश या अपर जिला न्यायाधीश न रह चुका हो ;

(घ) केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण, सशस्त्र बल अधिकरण, उच्च न्यायालय या उच्चतम न्यायालय में सेवा मामलों के मुकदमें में पर्याप्त अनुभव के साथ दस वर्ष तक अधिवक्ता न रह चुका हो ;

(ग) प्रशासनिक सदस्य के रूप में नियुक्त किए जाने के लिए तब तक अर्हित नहीं होगा, जब तक कि वह भारत सरकार के अपर सचिव या केंद्रीय सरकार या किसी राज्य सरकार के अधीन कोई अन्य पद धारित न कर चुका हो और ऐसा वेतनमान धारित न कर रहा हो, जो भारत सरकार के अपर सचिव के वेतनमान से कम न हो :

परंतु अखिल भारतीय सेवा के वे अधिकारी, जो किसी निम्नतर पद के लिए केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर थे या हैं, वे उस तारीख से, जिस तारीख से ऐसे अधिकारी प्रोफार्मा प्रोन्नति या वास्तविक प्रोन्नति प्रदान की गई थी, जो अपर सचिव के स्तर से पूर्वतर है, अपर सचिव के पद को धारित किया हुआ समझा जाएगा और ऐसी तारीख के पश्चात् केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर व्यतीत अवधि इस खंड के प्रयोजन के लिए अर्हक सेवा के रूप में गणना की जाएगी ।

(6) रेल दावा अधिकरण अधिनियम, 1987 (1987 का 54) के अधीन **रेल दावा अधिकरण** की दशा में, कोई व्यक्ति—

(क) अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किए जाने के लिए तब तक अर्हित नहीं होगा, जब तक कि वह,--

(i) किसी उच्च न्यायालय का न्यायाधीश न हो या न रह चुका हो ; या

(ii) कम से कम तीन वर्ष की अवधि के लिए, यथास्थिति, उपाध्यक्ष, न्यायिक सदस्य या तकनीकी सदस्य न रह चुका हो ।

(ख) उपाध्यक्ष (न्यायिक) के रूप में नियुक्त किए जाने के लिए तब तक अर्हित नहीं होगा, जब तक कि वह,--

(i) किसी उच्च न्यायालय का न्यायाधीश न हो या न रह चुका हो ; या

(ii) मुकदमें में दस वर्ष के अनुभव के साथ भारतीय विधिक सेवा का सदस्य न रह चुका हो और अपर सचिव या कोई समतुल्य या अन्य उच्चतर पद धारित न कर चुका हो ; या

(iii) कम से कम दो वर्ष के लिए सिविल न्यायिक पद, जिसका वेतनमान भारत सरकार के अपर सचिव के वेतनमान से कम न हो, धारित करता हो; या

(iv) कम से कम तीन वर्ष की अवधि के लिए न्यायिक सदस्य के रूप में पद धारित न कर चुका हो ।

(ग) कोई व्यक्ति उपाध्यक्ष (तकनीकी) के रूप में नियुक्त किए जाने के लिए तब तक अर्हित नहीं होगा, जब तक कि वह,--

(i) कम से कम तीन वर्ष की अवधि के लिए तकनीकी सदस्य के रूप में पद धारित न रह चुका हो ; या

(ii) दो वर्ष की अवधि के लिए रेल प्रशासन के अधीन किसी पद को, जिसका वेतनमान भारत सरकार के अपर सचिव के वेतनमान से कम न हो, धारित न कर चुका हो और रेल से संबंधित दावे और वाणिज्यिक मामलों में नियम और प्रक्रिया तथा अनुभव में पर्याप्त ज्ञान न रखता हो ।

(घ) कोई व्यक्ति, न्यायिक सदस्य के रूप में नियुक्त किए जाने के लिए तब तक अर्हित नहीं होगा, जब तक कि वह,--

(i) किसी उच्च न्यायालय का न्यायाधीश न हो या न रह चुका हो ;

(ii) दस वर्ष की सम्मिलित अवधि के लिए जिला न्यायाधीश या अपर जिला न्यायाधीश न रह चुका हो ;

(iii) रेल दावा अधिकरण, उच्च न्यायालय या उच्चतम न्यायालय में जीवन और संपत्ति से क्षति से संबंधित दावे के निपटारे में मुकदमें में पर्याप्त अनुभव के साथ दस वर्ष तक अधिवक्ता न रह चुका हो ;

(ड.) कोई व्यक्ति तकनीकी सदस्य के रूप में नियुक्त किए जाने के लिए तब तक अर्हित नहीं होगा, जब तक कि वह रेल से संबंधित दावे और वाणिज्यिक मामले में कम से कम पच्चीस वर्ष का नियमों और प्रक्रिया में योग्यता, सत्यनिष्ठा और विशेष ज्ञान न रखता हो ।

(7) भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 (1992 का 15) के अधीन **प्रतिभूति अपील अधिकरण** की दशा में, कोई व्यक्ति—

(क) पीठासीन अधिकारी के रूप में नियुक्त किए जाने के लिए तब तक अर्हित नहीं होगा, जब तक कि वह उच्चतम न्यायालय का कोई न्यायाधीश या किसी उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायमूर्ति न हो या न रह चुका हो ;

(ख) न्यायिक सदस्य के रूप में नियुक्त किए जाने के लिए तब तक अर्हित नहीं होगा, जब तक कि वह—

(i) किसी उच्च न्यायालय का न्यायाधीश न हो या न रह चुका हो ; या

(ii) भारतीय प्रतिभूति विनियम बोर्ड, प्रतिभूति अपील अधिकरण, उच्च न्यायालय या उच्चतम न्यायालय के समक्ष वित्तीय क्षेत्र से संबंधित मामलों में मुकदमेबाजी में पर्याप्त अनुभव सहित दस वर्ष तक अधिवक्ता न रहा हो ।

(ग) तकनीकी सदस्य, जब तक कि,-

(i) केन्द्रीय सरकार के मंत्रालय या विभाग में अपर सचिव का पद या केन्द्रीय सरकार या किसी राज्य सरकार में कोई समतुल्य या उच्चतर पद धारण न किया हो; या

(ii) प्रमाणित योग्यता, सत्यनिष्ठा वाला ऐसा व्यक्ति जिसके पास वित्तीय क्षेत्रों में जिसके अंतर्गत प्रतिभूतियाँ चिन्हांकन या पेंशन निधि या वाणिज्या व्युत्पाद या बीमा भी है कम से कम पच्चीस वर्ष का विशेष ज्ञान और वृत्तिक अनुभव न हो :-

परन्तु बोर्ड या बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण का कोई सदस्य या अंशकालिक सदस्य या पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण, या बोर्ड में या ऐसे प्राधिकरणों में कार्यकारी निदेशक के समतुल्य ज्येष्ठ प्रबंधन स्तर पर कोई व्यक्ति, उसकी सेवा या कार्यकाल के दौरान यथास्थिति, बोर्ड के पीठासीन अधिकारी या प्रतिभूति अपील अधिकरण के सदस्य के रूप में नियुक्त नहीं किया जाएगा या ऐसे अधिकारियों के साथ उस तारीख से दो वर्ष के भीतर जिस पर वह बोर्ड या ऐसे अधिकरणों में पद धारण करने से प्रविरत न हो जाता ।

परन्तु यह और कि पीठासीन अधिकारी या सदस्य ऐसा व्यक्ति होगा जिसका कोई वित्तीय या अन्य हित नहीं है जैसा कि ऐसा पीठासीन अधिकारी या सदस्य के रूप में उनके कार्यों पर प्रतिकूल रूप से प्रभावित करने के लिए संभाव्य है ।

(8) बैंकों और वित्तीय संस्थाओं को शोध्य ऋण वसूली अधिकरण अधिनियम, 1993 (1993 का 51) के अधीन ऋण वसूली अधिकरण की दशा में, कोई भी व्यक्ति तब तक वह ऋण वसूली अधिकरण में पीठासीन अधिकारी के रूप में नियुक्त के लिए अर्हित नहीं होगा जब तक वह जिला न्यायधीश न हो या न रहा हो ।

(9) बैंकों और वित्तीय सस्थाओं को शोध्य ऋण वसूली अधिकरण अधिनियम, 1993 (1993 का51) के अधीन ऋण वसूली अधिकरण की दशा में, कोई भी व्यक्ति तब तक अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति के लिए अर्हित नहीं होगा जब तक कि वह-

(क) किसी उच्च न्यायालय का न्यायाधीश न हो या न रहा हो ; या

(ख) भारतीय विधिक सेवा का सदस्य न रहा हो जिसके पास मुकदमेबाजी का दस वर्ष का अनुभव न हो और अपर सचिव या कोई समतुल्य या किसी उच्चतम पद पर पदधारण न किया हो ; या

(ग) किसी ऋण वसूली अधिकरण में पीठासीन अधिकारी के रूप में तीन वर्ष तक पदधारण न किया हो ।

(10) भारतीय दूर-संचार विनियामक प्राधिकरण अधिनियम 1997 (1997 का 24) के अधीन दूर-संचार विवाद समाधान और अपील अधिकरण की बाबत कोई भी व्यक्ति निम्नलिखित पद पर नियुक्ति के लिए अर्हित नहीं होगा-

(क) अध्यक्ष, जब तक कि वह-

(i) उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश न हो या न रहा हो ; या

(ii) किसी उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायमूर्ति न हो या न रहा हो ।

(ख) सदस्य, जब तक कि वह योग्यता, सत्यनिष्ठा और प्रतिष्ठा वाला ऐसा व्यक्ति जिसके पास अर्थशास्त्र, कारबार, वाणिज्य, विधि, वित्त, लेखा-कर्म, प्रबंध, उद्योग, लोक कार्य, प्रशासन, दूर संचार या ऐसे अन्य मामले जो दूर-संचार विवाद समाधान और अपील अधिकरण पर उपयोगी हो में कम से कम पच्चीस वर्ष विशेष अनुभव और वृत्तिक अनुभव न हो ।

(11) कंपनी अधिनियम, 2013 (2013 का 18) के अधीन राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील अधिकरण की दशा में, कोई भी व्यक्ति निम्नलिखित पद पर नियुक्ति के लिए तब तक अर्हित नहीं होगा

(क) अध्यक्ष जब तक कि वह उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश या किसी उच्च न्यायालय का न्यायमूर्ति न हो या न रहा हो ।

(ख) न्यायिक सदस्य, जब तक कि वह-

(i) किसी उच्च न्यायालय का न्यायाधीश न हो या न रहा हो ; या

(ii) राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण में पांच वर्ष तक न्यायिक सदस्य न रहा हो ; या

(iii) ऐसा अधिवक्ता जिसके पास राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण, राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील अधिकरण, उच्च न्यायालय या उच्चतम न्यायालय के समक्ष कंपनी कार्य संबंधी मामलों में मुकदमेबाजी का दस वर्ष तक का पर्याप्त अनुभव न रहा हो ।

(ग) तकनीकी सदस्य, जब तक कि वह प्रमाणित योग्यता, सत्यनिष्ठा और प्रतिष्ठा वाला व्यक्ति न हों जिनके पास विधि, औद्योगिक वित्त, औद्योगिक प्रबंध या प्रशासन, औद्योगिक पुनर्निमाण, विनिधान, लेखा कर्म या ऐसे अन्य मामले जो राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील अधिकरण के लिए उपयोगी हो, में कम से कम पच्चीस वर्ष का विशेष ज्ञान और वृत्तिक अनुभव न हो ।

(12) उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 (2019 का 35) के अधीन राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद समाधान आयोग की दशा मे कोई भी व्यक्ति निम्नलिखित पद पर नियुक्ति के लिए अर्हित नहीं होगा-

(क) अध्यक्ष, जब तक कि वह-

(i) उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश न हो या न रहा हो ; या

(ii) किसी उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायमूर्ति न हो या न रहा हो ।

(ख) सदस्य, जब तक कि वह-

(i) किसी उच्च न्यायालय का न्यायाधीश न हो या न रहा हो ; या

(ii) दस वर्ष की अवधि तक जिला न्यायाधीश और अपर न्यायाधीश के रूप में न रहा हो ; या

(iii) योग्यता, सत्यनिष्ठा और प्रतिष्ठा वाला ऐसा व्यक्ति जिसके पास अर्थशास्त्र, कारबार, वाणिज्य, विधि, वित्त, लेखा-कर्म, प्रबंध, उधोग, लोक कार्य, प्रशासन या ऐसे अन्य मामले जो राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद समाधान आयोग के लिए उपयोगी हो, में कम से कम पच्चीस वर्ष का विशेष ज्ञान और वृत्तिक अनुभव न रहा हो ।

(13) विद्युत अधिनियम, 2003 (2003 का 36) के अधीन विद्युत अपील अधिकरण की दशा में कोई भी व्यक्ति निम्नलिखित पद पर नियुक्ति के लिए अर्हित नहीं होगा-

(क) अध्यक्ष. जब तक कि वह-

(i) उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश न हो या न रहा हो; या

(ii) किसी उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायमूर्ति न हो या न रहा हो ।

(ख) न्यायिक सदस्य, जब तक कि वह-

(i) किसी उच्च न्यायालय का न्यायाधीश न हो या न रहा हो ; या

(ii) दस वर्ष की सम्मिलित अवधि तक जिला न्यायाधीश या अपर जिला न्यायाधीश के रूप में न रहा हो ; या

(iii) ऐसा अधिवक्ता जिनके पास केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग, राज्य विद्युत विनियामक आयोग, विद्युत अपील अधिकरण, उच्च न्यायालय या उच्चतम न्यायालय के समक्ष विद्युत क्षेत्र संबंधी मामलों में मुकदमेबाजी का दस वर्ष का विशेष अनुभव न हो ।

(ग) तकनीकी सदस्य, जब तक कि वह योग्यता, सत्यनिष्ठा और प्रतिष्ठा वाला ऐसा व्यक्ति जिसके पास विद्युत उत्पादन, पारेषण, वितरण, विनियम, अर्थशास्त्र कारबार, वाणिज्य, विधि, वित्त, लेखा-कर्म, प्रबंध, उद्योग, लोक कार्य, प्रशासन या ऐसे अन्य मामले जो अपील अधिकरण के लिए उपयोगी हों में कम से कम पच्चीस वर्ष तक का विशेष ज्ञान और वृत्तिक अनुभव न हो ।

(14) सशस्त्र बल अधिनियम, 2007 (2007 का 55) के अधीन सशस्त्र जब अधिकरण की दशा में कोई भी व्यक्ति निम्नलिखित पद पर नियुक्ति के लिए अर्हित नहीं होगा-

(क) अध्यक्ष, जब तक कि वह-

(i) उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश न हो या न रहा हो ; या

(ii) किसी उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायामूर्ति न हो या न रहा हो ।

(ख) न्यायिक सदस्य, जब तक कि वह-

(i) किसी उच्च न्यायालय का न्यायाधीश न हो या न रहा हो ; या

(ii) ऐसा अधिवक्ता जिसके पास केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण, सशस्त्र बल अधिकरण, उच्च न्यायालय या उच्चतम न्यायालय में सेवा संबंधी मामलों का मुकदमेबाजी का दस वर्ष का पर्याप्त अनुभव न हो ।

(ग) प्रशासनिक सदस्य, जब तक कि

(i) जिसने सेना में मेजर जनरल या उससे ऊपर की पंक्ति का पद अथवा नौसेना या वायुसेना में समतुल्य पंक्ति का पद तीन वर्ष की कुल अवधि के लिए धारण किया हो या कर रहा हो ; या

(ii) जिसने सेना या नौसेना अथवा वायु सेना में जज एडवोकेट जनरल के रूप में एक वर्ष से अधिक सेवा न की हो और क्रमशः उसकी पंक्ति मेजर जनरल, कोमोडोर और एयर कोमोडोर से अन्यून न हो; या

(iii) कोई व्यक्ति जिसमें योग्यता, सत्यनिष्ठा तथा प्रतिष्ठा हो और जो अर्थशास्त्र, कारबार, वाणिज्य, विधि, वित्त, लेखा-कर्म, प्रबंध, उद्योग, लोक-कार्य, प्रशासन या कोई अन्य मामला जो सशस्त्र बल अधिकरण के लिए उपयोगी हो में तीस वर्ष से अनधिक का विशेष ज्ञान और वृत्तिक अनुभव न रखता हो ।

(15) राष्ट्रीय हरित अधिकरण अधिनियम, 2010 (2010 का 19) के अधीन राष्ट्रीय हरित अधिकरण की दशा में कोई व्यक्ति निम्नलिखित के रूप में नियुक्ति के लिए अर्हित नहीं होगा

(क) अध्यक्ष के रूप में, जब तक कि वह,-

(i) किसी उच्च न्यायालय का न्यायाधीश न हो या न रहा हो ; या

(ii) किसी उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायमूर्ति न हो या न रहा हो ।

(ख) न्यायिक सदस्य, जब तक कि –

(i) किसी उच्च न्यायाधीश न हो या न रहा हो ; या

(ii) दस वर्ष की सम्मिलित अवधि के लिए जिला न्यायाधीश और अपर जिला न्यायाधीश न रहा हो ; या

(iii) राष्ट्रीय हरित अधिकरण, किसी उच्च या उच्चतम न्यायालय में पर्यावरण और वन से संबंधित मामलों में मुकदमेंबाजी के सारवान् अनुभव के साथ दस वर्ष के लिए अधिवक्ता न रहा हो ।

(ग) विशेषज्ञ सदस्य, जब तक कि वह-

(i) विज्ञान मे डिग्री या स्नातकोत्तर डिग्री या डाक्ट्रेट डिग्री और प्रख्यात राष्ट्रीय स्तरीय संस्था में वन तथा पर्यावरण (जिसके अंतर्गत प्रदूषण नियंत्रण परिसंकटमय पदार्थ प्रबंध, पर्यावरण समाधान निर्धारण, जलवायु परिवर्तन प्रबंध, जैव-विज्ञान विविधता प्रबंध और पर्यावरण संरक्षण भी है) के क्षेत्र में पांच वर्ष के व्यावहारिक अनुभव सहित सुसंगत क्षेत्र में पच्चीस वर्ष का अनुभव न रखता हो ।

(ii) केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार या राष्ट्रीय या राज्य स्तरीय प्रख्यात संस्था में पर्यावरणीय मामलों के साथ व्यौहार करने के पांच वर्ष के अनुभव सहित पच्चीस वर्ष का प्रशासनिक अनुभव न रखता हो ।

4. सदस्यों और अध्यक्षों के पदों के लिए चयन,-

(1) समिति भरे जाने वाले सदस्यों के प्रस्तावित पदों का ब्यौरा देते हुए सदस्य सचिव के माध्यम से रिक्ति परिपत्र ऐसे उपांतरण जो उचित समझा जाए करने के पश्चात् प्ररूप 1 में जारी करा सकेगी, जिसमें निम्नलिखित सम्मिलित है –

(क) विद्यमान और भावी रिक्तियों की संख्या,

(ख) अर्हताएँ

(ग) वेतन और भत्ते

(घ) आवेदन के लिए रूप विधान, और

(ङ) आवेदन भरने के लिए अंतिम तारीख ।

(2) समिति परिपत्र के प्रत्युत्तर में प्राप्त प्रत्येक आवेदन की अर्हताओं की छानबीन करेगी या कराएगी और वैक्तिक अन्योन्यक्रिया के लिए पात्र अभ्यर्थियों को ऐसी संख्या में शार्टलिस्ट कर सकेगी जैसा वह उचित समझे ।

(3) अध्यक्ष के पद के लिए समिति या तो रिक्तियों का परिपत्र जारी करा सकेगी और आवेदन मांग सकेगी और/ या नियुक्ति के लिए पात्र उपयुक्त व्यक्तियों की खोज कर सकेगी और अध्यक्ष के पद पर चयन के किए निर्धारण कर सकेगी,

(4) समिति अभ्यर्थी की पात्रता के संपूर्ण निर्धारण के आधार पर अपनी सिफारिशें कर सकेगी जिसके अंतर्गत उपयुक्तता पर ध्यान देने के पश्चात् वैयक्तिक अन्योन्याक्रिया के माध्यम से निर्धारण पूर्व प्रदर्शन का अभिलेख, विश्वसनीयता साथ ही साथ अधिकरण की अपेक्षाओं को ध्यान मे रखते हुए न्यायनिर्णायक अनुभव भी है और अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (7) के उपबंधो के अनुसार प्रत्येक पद के लिए जिस हेतु चयन किया जाना है दो नाम के पैनल की सिफारिश करेगी ।

5. पुनर्नियुक्ति के लिए चयन –

(1) पुनर्नियुक्ति के किए किसी आवेदन पर उसी रीति से अधिमानतः रिक्ति परिपत्र या अन्यथा के प्रत्युत्तर में शार्ट लिस्ट किए गए सभी व्यक्तियों के साथ विचार किया जाएगा, जो रीति मूल नियुक्ति के लिए है,

(2) किसी पद पर उपयुक्तता के लिए निर्धारण करते समय समिति पुनर्नियुक्ति चाहने वाले व्यक्तियों को अधिकरण में उनके अनुभव के लिए अतिरिक्त अधिमान देगी और ऐसा करते समय ऐसे व्यक्ति के अधिकरण के सदस्य या अध्यक्ष के रूप में कार्य करते समय प्रदर्शन का ध्यान रखेगी ।

6. अध्यक्ष और सदस्यों की चिकित्सीय उपयुक्तताः- कोई व्यक्ति अधिकरण के अध्यक्ष या सदस्य के रूप में नियुक्त नहीं किया जाएगा जब तक कि वह केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में विनिर्दिष्ट किसी प्राधिकारी द्वारा चिकित्सीय रूप से उपयुक्त घोषित नहीं किया गया हो ।

7. आकस्मिक रिक्ति.— (1) निम्नलिखित के पद में आकस्मिक रिक्ति की दशा में,--

(क) अध्यक्ष की दशा में, केन्द्रीय सरकार को उपाध्यक्ष या उपसभाध्यक्ष या उपसभापति अथवा उसकी अनुपस्थिति में अधिकरण के किसी एक सदस्य को अध्यक्ष के रूप में कार्यवहन करने के लिए नियुक्त करने की शक्ति होगी ।

(ख) ऋण वसूली अपीली अधिकरण के अध्यक्ष की दशा में, केन्द्रीय सरकार को किसी अन्य ऋण वसूली अपील अधिकरण के अध्यक्ष को अध्यक्ष के रूप में कार्यवहन करने के लिए नियुक्त करने की शक्ति होगी ।

(ग) ऋण वसूली अपील अधिकरण के पीठासीन अधिकारी की दशा में, ऋण वसूली अधिकरण के अध्यक्ष को किसी अन्य ऋण वसूली अपील अधिकरण के पीठासीन अधिकारी के रूप में कार्यवहन करने के लिए नियुक्त करने की शक्ति होगी ।

(घ) राज्य प्रशासनिक अधिकरण के अध्यक्ष की दशा में, संबंधित राज्य सरकार को किसी एक सदस्य को अध्यक्ष के रूप में कार्यवहन करने के लिए नियुक्त करने की शक्ति होगी ।

अध्याय 3

अध्यक्ष या सदस्य का त्यागपत्र या हटाया जाना

8. त्यागपत्र.— अध्यक्ष या सदस्य, किसी भी समय केन्द्रीय सरकार को लिखित में संबोधित करके अपने पद से त्यागपत्र दे सकेंगे:

परंतु अध्यक्ष या सदस्य जब तक कि उसे केन्द्रीय सरकार द्वारा पदमुक्त होना अनुज्ञात नहीं किया जाता है वह ऐसी सूचना की प्राप्ति की तारीख से तीन मास के अवसान तक या उत्तराधिकारी के रूप में सम्यक रूप से नियुक्त कोई व्यक्ति अपना पद धारण नहीं कर लेता अथवा उसकी पदावधि की समाप्ति तक, इनमें से जो पहले हो, पद धारण करता रहेगा।

9. शिकायतों की जांच करने के लिए प्रक्रिया.— (1) जहां केन्द्रीय सरकार द्वारा अध्यक्ष या सदस्य के संबंध में उसके पद के कृत्यों के पालन में कदाचार या असमर्थता के किसी निश्चित आरोप का अभिकथन करते हुए लिखित शिकायत प्राप्त की जाती है, तो वह ऐसी शिकायत की प्रारंभिक छानबीन करेगी ।

(2) जहां प्रारंभिक छानबीन पर केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि अध्यक्ष या सदस्य के कदाचार या असमर्थता की सत्यता की जांच करने की लिए युक्तियुक्त आधार है तो वह समिति को निर्देश करेगी ।

(3) समिति जांच करेगी या किसी व्यक्ति द्वारा जांच कराएगी जो-

(क) जहां जांच अध्यक्ष के विरुद्ध है, उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश या उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायमूर्ति है अथवा रहा है, या

(ख) जहां जांच सदस्य के विरुद्ध है, उच्च न्यायालय का न्यायाधीश है या रहा है ।

(4) जांच ऐसे समय के भीतर या ऐसे अतिरिक्त समय के भीतर पूरी की जाएगी, जो केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिमानत: छह माह के भीतर विनिर्दिष्ट किया जाए।

(5) समिति, जांच के निष्कर्ष के पश्चात् केन्द्रीय सरकार को संपूर्ण मामले पर ऐसी टीका-टिप्पणियों के साथ जो वह उचित समझे पृथक रूप से प्रत्येक आरोप पर उसके निष्कर्ष और उस पर के कारणों का उसमें कथन करते हुए अपनी रिपोर्ट केन्द्रीय सरकार को प्रस्तुत करेगी ।

(6) समिति सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 (1908 का 5) द्वारा अधिकथित प्रक्रियाओं से बाध्य नहीं होगी लेकिन प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों द्वारा मार्गदर्शित होगी और उसे अपनी प्रक्रिया जिसके अंतर्गत उसकी जांच की तारीख, स्थान और समय नियत करना भी है, विनियमित करने की शक्ति होगी।

अध्याय 4

वेतन और भत्ते

10. वेतन.—(1) अध्यक्ष को ऋण वसूली अधिकरण के पीठासीन अधिकारी और औद्योगिक अधिकरण के पीठासीन अधिकारी को छोड़कर, 2,50,000 रुपये (नियत) वेतन प्रतिमाह संदत्त किया जाएगा।

(2) सदस्य को 2,25,000 रुपये वेतन प्रतिमाह संदत्त किया जाएगा।

(3) केन्द्रीय सरकार द्वारा गठित ऋण वसूली अधिकरण के पीठासीन अधिकारी या औद्योगिक अधिकरण के पीठासीन अधिकारी को 1,44,200-2,18,200 रुपये वेतन संदत्त किया जाएगा।

(4) किसी व्यक्ति के अध्यक्ष या सदस्य के रूप में नियुक्त किए जाने की दशा में यदि उसे पेंशन प्राप्त होती है तो ऐसे व्यक्ति के वेतन में से उसके द्वारा आहरित पेंशन की सकल रकम को घटा दिया जाएगा।

11. भत्ते.— (1) अध्यक्ष और सदस्य ऐसे भत्ते और फायदों को प्राप्त करने के हकदार होंगे जो भारत सरकार के समान वेतन वाले समूह 'क' पद धारण करने वाले अधिकारियों को अनुज्ञेय है।

(2) उप नियम (1) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी 1 जनवरी, 2021 से अध्यक्ष या सदस्य के पास तत्समय प्रवृत्त नियमों के अनुसार केन्द्रीय सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही आवास सुविधा का लाभ उठाने का विकल्प होगा अथवा वे निम्नलिखित सीमा के अध्यधीन रहते हुए मकान किराए की प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होंगे-

(क) ऋण वसूली अधिकरण के पीठासीन अधिकारी और औद्योगिक अधिकरण के पीठासीन अधिकारी के सिवाय अध्यक्ष की दशा में एक लाख पचास हजार रुपये प्रतिमाह ; और

(ख) अधिकरण के सदस्य और ऋण वसूली अधिकरण तथा औद्योगिक अधिकरण के पीठासीन अधिकारियों की दशा में एक लाख पच्चीस हजार रुपये प्रतिमाह।

12. परिवहन भत्ता.—अध्यक्ष या सदस्य स्टाफ कार नियमों के उपबंधों के अनुसार भारत सरकार में समूह 'क' पद धारण करने वाले समान वेतन वाले अधिकारियों को अनुज्ञेय सुविधाओं के अनुसार शासकीय और निजी प्रयोजनों के लिए यात्रा हेतु स्टाफ कार की सुविधा के लिए हकदार होंगे।

अध्याय 5

पेंशन, भविष्य निधि, उपदान और छुट्टी

13. पेंशन, भविष्य निधि और उपदान.—(1) उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय के सेवारत न्यायाधीश या किसी संगठित सेवा के सदस्य को अध्यक्ष या सदस्य केरूप में नियुक्त किए जाने की दशा में, अधिकरण की सेवा, उस सेवा जिससे वह संबंधित है के नियमों के अनुसार पेंशन आहरित किए जाने के लिए गणना में ली जाएगी और यथास्थिति साधारण भविष्य निधि (केन्द्रीय सेवाएं) नियम, 1960 या अंशदायी पेंशन प्रणाली तथा उसे लागू पेंशन के लिए नियमों के उपबंधों द्वारा शासित होगी।

(2) अन्य सभी मामलों में, सदस्य यथास्थिति अंशदायी भविष्य निधि (भारत) नियम, 1962 या अंशदायी पेंशन प्रणाली के उपबंधों द्वारा शासित होगी।

(3) अधिकरण में दी गई सेवाओं के लिए अतिरिक्त पेंशन और उपदान अनुज्ञेय नहीं होगी।

14. छुट्टी.—(1) अध्यक्ष या सदस्य प्रत्येक वर्ष की सेवा के लिए तीस अर्जित छुट्टी के हकदार होंगे ।

(2) किसी कैलेंडर वर्ष में अध्यक्ष या सदस्यों को आठ से अधिक आकस्मिक छुट्टी प्रदान नहीं की जा सकेगी ।

(3) छुट्टी के दौरान, छुट्टी वेतन का संदाय केन्द्रीय सिविल सेवा (छुट्टी), नियम, 1972 के नियम 40 द्वारा शासित होगी ।

(4) अध्यक्ष या सदस्य इस शर्त के अध्यधीन रहते हुए, उसके खाते में विद्यमान अर्जित छुट्टी की बाबत छुट्टी भुनाने का हकदार होगा कि अधिकतम छुट्टी भुनाना जिसके अंतर्गत पूर्व सेवा से सेवानिवृत्ति के समय प्राप्त रकम भी है, किसी भी दशा में केन्द्रीय सिविल सेवा (छुट्टी) नियम, 1972 के अधीन विहित सीमा से अधिक नहीं होगी ।

(5) छुट्टी स्वीकृत करने वाला प्राधिकारी निम्नानुसार होगा –

(क) सदस्य के लिए अध्यक्ष;

(ख) अध्यक्ष की अनुपस्थिति की दशा में, राज्य प्रशासनिक अधिकरण के अध्यक्ष या राज्य प्रशासनिक के अध्यक्ष के लिए संबंधित राज्य सरकार; और

(ग) खंड (ख) में समाविष्ट से भिन्न की दशा में अध्यक्ष की अनुपस्थिति में अध्यक्ष या सदस्य के लिए केन्द्रीय सरकार ।

(6) केन्द्रीय सरकार अध्यक्ष या सदस्यों की विदेश यात्रा के लिए मंजूरी प्राधिकारी होगा ।

अध्याय 6

प्रकीर्ण

15. वित्तीय और अन्य हितों की घोषणा.— अध्यक्ष या सदस्य अपना पद ग्रहण करने से पहले अपनी आस्तियों और अपने दायित्वों और वित्तीय तथा अन्य हितों की घोषणा करेगा ।

16. सेवा की अन्य शर्तें.—(1) अध्यक्ष या सदस्यों की सेवा के निबंधन और अन्य शर्तों जिसके लिए इन नियमों में स्पष्ट उपबंध नहीं बनाए गए हैं ऐसी होगी जो समूह 'क' पद धारण करने वाले भारत सरकार के समान वेतन वाले अधिकारी को अनुज्ञेय हैं ।

(2) अध्यक्ष या सदस्य उस अधिकरण की सेवाओं से सेवानिवृत्ति के पश्चात् अधिकरण के समक्ष कोई व्यवसाय नहीं करेगा ।

(3) अध्यक्ष या सदस्य अधिकरण में इन क्षमताओं में कार्य करते समय कोई माध्यस्थम् समनुदेशन नहीं करेगा ।

(4) अधिकरण का अध्यक्ष या सदस्य उस तारीख से जिसको वह पद पर बना नहीं रहता है दो वर्ष की अवधि के लिए कोई नियोजन किसी व्यक्ति जो अधिकरण के समक्ष कार्यवाहियों का पक्षकार है के प्रबंध या प्रशासन में या उससे संसक्त नियोजन स्वीकार नहीं करेगा:

परंतु इस नियम में अंतर्विष्ट कोई बात केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार या स्थानीय निकाय या किसी कानूनी प्राधिकरण या केन्द्रीय, राज्य अथवा प्रांतीय अधिनियम द्वारा या उसके अधीन स्थापित किसी निगम या कंपनी अधिनियम, 2013 (2013 का 18) की धारा 2 के खंड (45) में यथा परिभाषित सरकारी कंपनी के अधीन किसी नियोजन को लागू नहीं होंगे ।

17. पद और गोपनीयता की शपथ.-- अध्यक्ष या सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया प्रत्येक व्यक्ति अपना पद ग्रहण करने से पहले इन नियमों से उपाबंध प्ररूप 2 और प्ररूप 3 में पद और गोपनीयता की शपथ लेगा और हस्ताक्षर करेगा ।

प्ररूप I

(नियम 4 देखें)

[आवेदन के प्ररूप सहित रिक्ति परिपत्र का प्ररूप]

फा. सं.

भारत सरकार

_____मंत्रालय

_____विभाग

कमरा नं. _____

नई दिल्ली-110001

दिनांक: _____

रिक्ति परिपत्र

विषय:- _____ अधिकरण में अध्यक्ष/सदस्य के पदों के लिए चयन-संबंधी।

1. अधिकरण:- (अधिकरण का नाम)_____अधिकरण,_____अधिनियम के अंतर्गत स्थापित एक अपीलीय अधिकरण है जो अधिनियम_____के तहत विभिन्न अपीलों की सुनवाई करता है। _____का मुख्यालय_____में स्थित है तथा इसके क्षेत्रीय न्यायपीठ में स्थित है। सदस्य, को चयन के पश्चात इनमें से किसी भी स्थान पर तैनात किया जा सकता है।

2. रिक्ति:- निम्नलिखित विद्यमान और_____प्रत्याशित रिक्तियों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं।

पद	स्थान	रिक्ति की तारीख

3. योग्यता:- अभ्यर्थी की नियुक्ति के लिए योग्यताएं, पात्रता, वेतन और अन्य निबंधन व शर्तें, अधिकरण (सेवा की शर्तें) नियम, 2021 के प्रावधानों के अधीन होंगी

4. चयन की प्रक्रिया:- उक्त पद पर नियुक्ति के लिए नामों की सिफारिश करने के लिए अधिकरण सुधार अधिनियम, 2021 के तहत गठित खोज सह- चयन समिति, अभ्यर्थियों की योग्यता और अनुभव को समुचित महत्व देते हुए पदों के लिए आवेदन की उपयुक्तता के संबंध में आवेदनों की छानबीन करेगी और वैयक्तिक परस्पर विचार-विमर्श करने के लिए अभ्यर्थियों को चुनेगी। योग्यता, अनुभव और वैयक्तिक विचार-विमर्श के आधार पर समिति द्वारा व्यापक मूल्यांकन के आधार पर अंतिम चयन किया जाएगा।

5. आवेदन की प्रक्रिया:- योग्य और इच्छुक अधिकारियों के आवेदन उचित माध्यम (जहां कहीं लागू हो) द्वारा आमंत्रित किए जाते हैं और जिसके साथ (i) अनुबंध- I पर दिए प्रपत्र में जीवन वृतांत (ii) अनुबंध – II में दिए गए नियोक्ता/कार्यालयध्यक्ष/अग्रेषण प्राधिकारी द्वारा दिए जाने वाला प्रमाणपत्र (iii) अधिकारी के अद्यतन सीआर/एपीएआर की स्पष्ट प्रतिलिपियां जिनमें किसी समूह 'क' अधिकारी द्वारा विधिवत प्रमाणित पिछले पांच वर्षों की सीआर/एपीएआर

शामिल हों (iv) संवर्ग सतर्कता (v) अनुबंध- III में सतर्कता एवं अनुशासनिक कोण से सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र/निकासी (vi) विगत दस वर्षों के दौरान अधिकारी पर लगाई गई छोटी या बड़ी शास्तियों, यदि कोई है, का विस्तृत विवरण, निम्नलिखित पते पर भेजदिया जाए, ताकि इस कार्यालय में_____तक पहुँच जाए।

[नाम और पता]

6. साक्षात्कार/परस्पर विचार विमर्श के लिए बुलाए गए अभ्यर्थियों को कोई यात्रा भत्ता/महँगाई भत्ता देय नहीं होगा। अभ्यर्थियों को अपनी व्यवस्था स्वयं करनी होगी।

7. विज्ञापन और निर्धारित आवेदन प्रपत्र मंत्रालय/अधिकरण की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है।

8. अंतिम तारीख के बाद प्राप्त और उपर्युक्त उल्लिखित आवश्यक अनुबंध के बिना प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

सभी संगठनों और उनके क्षेत्रीय कार्यालयों में विस्तार से प्रचार किया जाए ताकि शीघ्र और इष्टतम संख्या में आवेदन प्राप्त हो सकें।

(हस्ताक्षर करने वाले अधिकारी का नाम)
अवर सचिव, भारत सरकार/निदेशक

अनुलग्नक-I

प्रपत्र

उम्मीदवार द्वारा विधिवत हस्ताक्षर हेतु स्थान

1. नाम :
2. जन्म तिथि :
3. वर्ग (एससी/एसटी/ओबीसी/यूआर) :
4. पदनाम/व्यवसाय :
5. संपर्क विवरण :

	आवासीय		अधिकारिक
	वर्त्तमान	स्थायी	
पता			
मोबाईल/फोन नं.			
ईमेल:			

6. संवर्ग/सेवा [जहां कहीं लागू हो]

7. शैक्षिक योग्यता (उत्क्रम कालानुक्रम में)

क्रम.सख्या	विश्व विद्यालय /समकक्ष संस्थान का नाम	डिग्री	उत्तीर्ण करने का वर्ष	प्राप्त अंकों का प्रतिशत (%)	शैक्षणिक योग्यता	विषय/विशेषज्ञता

8. कार्य का अनुभवः

8क) वर्तमान रोजगार से शुरू करते हुए कालानुक्रम में कर्मचारी के रूप में अनुभव का रिकॉर्ड, उत्क्रम में बताएं:

क्रम. संख्या	नियोक्ता का नाम एवं पता (सरकार/पीएसयू/मंत्रालय/विभाग/कोई अन्य)	पदनाम/वेतन या वेतनमान (वेतन मैट्रिक्स में वेतन)*	सेवा की अवधि		कार्य की प्रकृति/अनुभव
			दिनांक से	तक	

*साथ ही ऊपर क्रम सं. दर्शाएं जो अपर सचिव/जिला न्यायाधीश/अपर जिला न्यायाधीश/मेजर जनरल (अर्हता के तहत जैसा भी लागू हो) अथवा उससे ऊपर के समकक्ष हो।

8ख) वर्तमान वचनबधत्ता से शुरू करते हुए कालानुक्रम में पेशेवर अनुभव का रिकॉर्ड, उत्क्रम में बताएं

क्रम. संख्या	व्यवसाय का विवरण	सेवा की अवधि		किए गए कार्य की प्रकृति*
		से	तक	

*जैसे प्रशासन /सेवा मामले /न्यायिक अथवा अर्ध-न्यायिक /दांडिक /सिविल /कर-निर्धारण /कंपनी मामले /पर्यावरण संबंधी मामले /वित्त /लेखा /अर्थशास्त्र /व्यवसाय /वाणिज्य /प्रबंधन /सार्वजनिक मामले अथवा कोई अन्य, जैसा भी लागू हो/ सरकार के साथ नियोजन, यदि कोई हो, को दर्शाया जाए।

9. भारत सरकार के अपर सचिव/ जिला न्यायाधीश/अपर जिला न्यायाधीश/ मेजर जनरल अथवा कोई अन्य समकक्ष रैंक (जहां कहीं लागू हो) के ग्रेड में वेतनमान प्राप्त करने की तिथि :

10. आवेदक के न्याय निर्णयन अनुभव पर आलेख (200 शब्दों में) (जहां कहीं पर लागू हो) :

11. संबंधित न्यायालयों/न्यायाधिकरणों के समक्ष मामलों के संचालन में संक्षिप्त अनुभव (यदि लागू हो) : ऐसे मामलों का विवरण (रिपोर्ट किए गए मामले/मामले जिनकी रिपोर्ट नहीं हुई) विवरण सहित

12. अनुभव का प्रमाण, जिसमें अधिवक्ता/चार्टर्ड आकउंटेंट आदि के रूप में नामांकन सं/पंजीकृत सं. शामिल हो। [सरकारी या न्यायिक अधिकारी के अलावा अन्य अभ्यर्थियों के लिए] :

13. वार्षिक आय, जिसके साथ अद्यतन आयकर विवरणिका हो [सरकारी या न्यायिक अधिकारी के अलावा अन्य अभ्यर्थियों के लिए] :

14. मुख्य उपलब्धियों पर 05 आलेख [200 शब्द प्रत्येक] :

15. पुरस्कार/सम्मान/प्रकाशन, यदि कोई हो, :

16.राजनैतिक दल सहित व्यावसायिक निकायों/संस्थानों/ सोसाइटियों/किसी अन्य निकाय के साथ संबंधन। :

17. कोई अतिरिक्त जानकारी, यदि कोई हो, जिसका पद के लिए किए गए आवेदन के समर्थन में उल्लेख करना चाहे। :

घोषणा

1. मैं यह प्रमाणित करता हूँ कि ऊपर दी गई सूचना मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार पूर्णत: सही एवं पूर्ण है तथा इसमें कुछ भी छिपाया/विरुपित नहीं किया गया है। यदि किसी समय मेरे द्वारा किसी सामग्रीगत सूचना को छिपाने/विरुपित किए जाने का ज्ञान होगा तो मेरी उम्मीदवारी/सेवाएँ किसी प्रकार के नोटिस के बिना तत्काल समाप्त कर दी जाएंगी।
2. चयन समिति की बैठक के बाद मैं अपनी अभ्यर्थिता को वापस नहीं लूँगा।
3. नियुक्ति के लिए एसीसी द्वारा चयनित किए जाने पर मैं नियुक्ति को मना नहीं करूँगा।
4. मैं नियुक्ति के आदेश के जारी होने के 30 दिनों के भीतर कार्यभार ग्रहण करूँगा।
5. मैं इसे जानता हूँ कि यदि मैं क्रम सं.2 से 4 में उल्लिखित शर्तों में से किसी भी शर्त का उल्लंघन करूँगा तो भारत सरकार द्वारा मुझे संवर्ग-बाह्य तथा किसी स्वायत्त निकाय/सांविधिक निकाय तथा विनियामक निकाय में नियुक्ति हेतु विचार के लिए तीन वर्ष की अवधि के लिए विवर्जित कर दिया जाएगा।

स्थान:

दिनांक: अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

अनुलग्नक-II

नियोक्ता/कार्यालय प्रमुख/अग्रेषण प्राधिकारी द्वारा दिया जाने वाला प्रमाणपत्र

1. प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी_____ द्वारा दिया गया विवरण सही है तथा उनके पास अनुबंध-। में उल्लिखित शैक्षणिक योग्यताएं और अनुभव हैं।

2. यह भी प्रमाणित किया जाता है कि उनके विरूद्ध कोई सतर्कता/अनुशासनात्मक मामला लंबित या विचाराधीन नहीं है और सीपीओ द्वारा संलग्न अनुलग्नक (III) में सतर्कता मंजूरी जारी की गई है।

3. उनका/उनकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित की गई है।

4. पिछले 10 वर्षों की अवधि के दौरान श्री/श्रीमती/कुमारी_____ पर कोई गंभीर या मामूली जुर्माना नहीं लगाया गया।

5. पिछले वर्षों के एसीआर/एपीएआर के नवीनतम साक्ष्यांकित फोटोस्टेट प्रतियां (एसीआर/एपीएआर की प्रत्येक फोटोस्टेट प्रति साक्ष्यांकित होनी चाहिए) श्री/श्रीमती/कुमारी के संबंध _____ के संबंध में इसके साथ संलग्न है।

संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी की मुहर एवं हस्ताक्षर

अनुलग्नक-III

उस अधिकारी का विवरण जिसके लिए सतर्कता निकासी मांगी जा रही है।
(मुख्य सतर्कता अधिकारी अथवा विभाग के प्रमुख द्वारा हस्ताक्षर सहित दिया जाना)

1. अधिकारी का नाम (पूरा नाम) :

2. पिता का नाम :

3. जन्म तिथि :

4. सेवा निवृत्ति की तारीख :

5. सेवा में प्रवेश की तारीख :

6. अधिकारी किस सेवा से संबंधित है, (जिसमें, बैच/वर्ष/संवर्ग आदि जहाँ कहीं लागू हो, बताया जाए) :

7. धारित पद (पूर्ववर्ती दस वर्षों के दौरान) :

क्र.सं.	संगठन (पूरा नाम)	पदनाम तथा तैनाती का स्थान	संबंधित प्रशासनिक/नोडल मंत्रालय/विभाग का नाम (पीएसयू आदि के अधिकारियों के मामले में)	से	तक

8. क्या अधिकारी को संदिग्ध सत्यनिष्ठा की सहमत सूची या अधिकारी सूची में रखा गया है। (यदि हां, तो विवरण दिया जाए)	:
9. क्या अधिकारी के विरुद्ध पिछले 10 वर्षों के दौरान सतर्कता दृष्टि सहित किसी कदाचार के आरोप की जांच की गई है। यदि हाँ तो फैसला क्या था (*)	:
10. क्या अधिकारी को पिछले 10 वर्षों के दौरान कोई संज़ा दी गई है, यदि हां तो उसकी तारीख तथा दंड(*) का विवरण	:
